पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पाइप वाली प्राकृतिक गैस– पीएनजी और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस –एलपीजी दोनों के कनेक्शन वाले परिवारों को तत्काल प्रभाव से अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का निर्देश दिया है। एक अधिसूचना जारी कर मंत्रालय ने कहा कि पीएनजी कनेक्शन रखने वाले किसी भी व्यक्ति को घरेलू एलपीजी कनेक्शन रखने या सरकारी तेल कंपनियों या उनके अधिकृत वितरकों से एलपीजी सिलेंडर रिफिल लेने की अनुमति नहीं होगी।

मंत्रालय की ओर से तेल विपणन कंपनियों को भी निर्देश दिया गया है कि वह उन उपभोक्ताओं को नए एलपीजी कनेक्शन जारी न करें या रिफिल न दें जिनके पास पहले से ही पाइप वाली प्राकृतिक गैस की सुविधा उपलब्ध है।

इस बीच, भारत के राजनयिक प्रयासों के बाद, खाड़ी देशों से एलपीजी ले जा रहे दो एलपीजी वाहक जहाज, शिवालिक और नंदा देवी, कल सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर गए। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि ये जहाज अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों की ओर आ रहे हैं।

***इनमें करीब 92 हजार सात सौ मीट्रिक टन एलपीजी है और इनका अराइवल पोर्ट मुंद्रा और कांडला होगा और इनकी एक्पैक्टिड अराइवल डेट 16 मार्च और 17 मार्च होगी।***

इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडरों की जल्दबाजी में बुकिंग न करने और आवश्यकता पड़ने पर ही बुकिंग करने का आग्रह किया।

***सभी देशवासियों से अपील है कि कृपया डिजिटल्स बुकिंग के आपके पास टूल्स अवेलेबल है, उनको यूज करें, जरूरत नहीं है कि कोई भी किसी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के पास जाकर लाइन में खड़ा होकर बुकिंग करें या सिलेंडर की डिलीवरी ले।***

सुश्री सुजाता ने बताया कि राज्य सरकारों के लिए व्यावसायिक सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सभी भर्ती बोर्डो के अध्यक्षों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि किसी भी व्यक्ति, जाति, संप्रदाय या धार्मिक समुदाय की गरिमा और मान्यताओं के बारे में कोई भी अपमानजनक या निंदनीय टिप्पणी न की जाए। उत्तर प्रदेश पुलिस सब–इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र से संबंधित मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की टिप्पणियों को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी प्रश्नपत्र तैयार करने वालों को इस संबंध में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए और बार–बार उल्लंघन करने वालों को तत्काल ब्लैकलिस्ट किया जाए। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रश्नपत्र तैयार करने वालों के साथ हुए समझौता ज्ञापन में भी यह प्रावधान शामिल किया जाना चाहिए।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई ने पश्चिम एशियाई क्षेत्र में कल से अगले महीने की दस तारीख तक होने वाली कक्षा बारह की परीक्षाएं रद्द कर दी हैं। बोर्ड ने बताया है कि पहले स्थगित की गई परीक्षाएं भी रद्द रहेंगी।

**********

प्रदेश में चल रही दो दिवसीय उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा– दो हजार पच्चीस, कड़ी सुरक्षा के बीच आज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गयी। राजधानी लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, जौनपुर, गाजियाबाद, मेरठ समेत सभी जिलों में प्रशासन ने लगातार निगरानी की। इस परीक्षा के लिये प्रदेश के पचहत्तर जिलों में एक हजार नब्बे परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे।

**********

प्रदेश में चीनी व सिंथेटिक मांझे पर प्रतिबंध को लेकर प्रदेश के सभी पुलिस अफसरों को निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक क़ानून व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा है कि मांझे का निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल पूरी तरह बंद होना चाहिए, जो भी इसका उपयोग करें, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

***माननीय उच्च न्यायाल, एनजीटी उत्तर प्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के अनुपालन में पूरे प्रदेश में एक विशेष अभियान चलाया गया है। सभी पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इस प्रतिबंध का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।***

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। लखनऊ, बरेली, अमरोहा सहित कई जिलों में तेज हवा के साथ हुयी वर्षा से मौसम ठंडा हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों– गोरखपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर एवं आसपास के इलाकों में आज और कल तेज रफ्तार से हवा चलने और कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान जताया है।

**********